







# रीवा और मऊगंज में यूरिया खाद के लिए मचा हाहाकार, अन्नदाताओं की फसल हो रही खराब

## एक बोरी खाद पाने के लिए महिलाएं भी लग रही लाइन में, शनिवार को यूरिया खाद की रैक आएगी, एक रैक आने के बाद कुछ राहत मिलेगी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अगस्त, पूरे प्रदेश के साथ रीवा एवं मऊगंज जिले में किसानो को खाद नही मिल रही है. धान की फसल में यूरिया खाद छिड़काव करने के लिये किसानो को उपलब्ध नही है. लिहाजा एक बोरी खाद के लिये किसान भटक रहे है. अभी एक सप्ताह पहले यूरिया खाद की जो रैक आई थी उससे भी राहत नही मिल पाई. रात भर किसान कतार में खड़े रहे और एक बोरी खाद नसीब हुई. शनिवार को यूरिया की एक रैक आ रही है जिसके बाद कुछ हद तक राहत मिल पाएगी.**





गौरतलब है कि खाद की जितनी मांग है उसके अनुरूप खाद की आपूर्ति नही हो रही है. जबकि बोनी के समय किसानो को डीएपी खाद नही मिल रही थी, उस समय यूरिया थी लेकिन अब धान की फसलो में छिड़काव के लिये यूरिया की आवश्यकता है जा नही मिल रही है. किसान एक बोरी खाद लेने के लिये सहकारी समितियो के चक्कर काट रहे है. नगद खाद समितियो में नही दी जा रही, वही व्यापारी मंहगे दाम पर खाद दे रहे है. रीवा और मऊगंज जिले में खाद को लेकर हाहाकार मचा हुआ है. किसानो की फसल खाद के अभाव में खराब हो रही है. अगर समय पर खाद नही मिली तो किसानो को नुकसान उठाना पड़ेगा. कृषि उपज मंडी करहिया एवं डबल लाक में जहा खाद का वितरण हुआ वहा इस धूप में किसान लम्बी कतार में खड़े रहे. जहा न तो पानी की व्यवस्था और न ही छाया की. पुरूष के अलावा महिलाएं खाद पाने के लिये कतार में खड़ी रही. चिलचिलाती धूप में दिन भर खड़े होने के बाद एक बोरी खाद नसीब हुई. खाद को लेकर अन्नदाता परेशान है लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि बोलने को तैयार नही है. खरीफ की फसल के लिये खाद की इतनी मारामारी नही होती थी जितनी अभी हो रही है. इस समय जब यूरिया की आवश्यकता है तो नही मिल रही है, जबकि डीएपी खाद उपलब्ध है और एक माह बाद बोनी के लिये डीएपी खाद की मारामारी शुरू होगी तो उस समय नही मिलेगी. शनिवार को यूरिया खाद की एक रैक आ रही है, जिससे कुछ राहत मिलेगी.

### खाद के लिए सेमरिया विधायक ने लिखा पत्र



जिले की सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभय मिश्रा ने कलेक्टर को लिखे एक पत्र में दुख जताते हुए कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के साथ प्रशासन भी दोहरा मापदंड अपना रहा है. इस क्षेत्र में संचालित सेवा सहकारी समितियो को डीएपी एवं यूरिया खाद की आपूर्ति नहीं किए जाने से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस क्षेत्र में 7 सेवा सहकारी समितियां हैं लेकिन अधिकांश सेवा सहकारी समितियो द्वारा डीएपी एवं यूरिया का उठाव न किए जाने की वजह से एवं कई बार आग्रह करने के बाद भी सेमरिया नगर में यूरिया एवं डीएपी के शासन द्वारा नगद बिक्री हेतु अधिकृत व्यवस्था न किए जाने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है. आरडीएस योजना के तहत स्वीकृत कार्यों को विभाग द्वारा बार-बार आग्रह करने के बाद भी नहीं कराया जा रहा है जबकि जिला प्रशासन एवं विभाग को कई बार इन कार्यों को पूर्ण करने के लिए आग्रह किया गया लेकिन राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते जिला प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है. पत्र में श्री मिश्रा ने यह भी उल्लेखित किया है कि जिला प्रशासन से खाद बिजली एवं सेमरिया में संचालित स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की पदस्थापना के लिये जिला प्रशासन को पत्र लिखा गया. लेकिन आज तक कार्यवाही नही हुई. खाद विधायक ने सहकारी समितियों खाद उपलब्ध कराने की मांग की है नही तो आन्दालन होगा.

## संक्षिप्त

### सहायक कलेक्टर को सिरमौर एसडीएम का प्रभार

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सहायक कलेक्टर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी दृष्टि जायसवाल को सिरमौर और सेमरिया का एसडीएम का प्रभार दिया है. सहायक कलेक्टर ने 29 अगस्त को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है. संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय के मऊगंज स्थानांतरण तथा कार्यमुक्त होने के बाद यह व्यवस्था की गई है. एक अन्य आदेश में नायब तहसीलदार प्रकाश उपाध्याय को चाकघाट एवं गढ़ी सर्किल का प्रभार दिया गया है.

### रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा,** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा म.प्र. पुलिस गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित 9वीं वाहिनी विसबल रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सहकारी निरीक्षक मनीष जैन को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है.

### वन अधिकार समिति की बैठक 3 सितंबर को

**रीवा,** मऊगंज जिले में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गयी है. बैठक में वन मण्डलाधिकारी, सीईओ जिला पंचायत, सभी एसडीएम, तहसीलदार, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग तथा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहेंगे.



### पुलिस ने लगाई ग्राम चौपाल

**रीवा,** मिशन कर्मयोगी के तहत एडीजी प्रशिक्षण राजा बाबू सिंह पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन पर पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में 93वां नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025 -26 के प्रशिक्षणार्थियों को आंतरिक प्रशिक्षण में आज आंतरिक कक्षाओं के समापन के पश्चात एडीजीके द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत किए गए नवीन पहल के तहत पीटीएस रीवा के द्वारा रीवा जिले के गोद लिए गए आठ गांवों में से ग्राम 3 रौसर ग्राम पंचायत रौसर व ग्राम 4 मेगुरिहाई ग्राम पंचायत मेगुरिहाई में आज ग्राम भ्रमण कर ग्राम चौपाल आयोजित की गई. जिसमें ग्राम के संबंध में फॉर्म के माध्यम से 27 बिंदुओं में जानकारी एकत्रित की गई. ग्राम रौसर में टोली नंबर तीन के प्रशिक्षु मैंटर निरीक्षक पी एल बागरी व ड्रिल इंस्ट्रक्टर भाईलाल तथा ग्राम मेगुरिहाई में टोली नंबर चार के प्रशिक्षु, मैंटर निरीक्षक फग्गन सिंह ड्रिल इंस्ट्रक्टर रमाकांत तिवारी के द्वारा ग्राम भ्रमण किया गया. ग्राम चौपाल के दौरान आंगनवाडी केन्द्रो में वृक्षारोपण किया गया और समस्याओ को सुना गया. इसके साथ ही चौपाल में एकत्रित बच्चों ,महिलाओं ,युवाओं और बुजुर्गों को -नवीन आपातकालीन नंबर 112,नवीन आपराधिक कानून, यातायात नियमों, राहवीर योजना, महिला संबंधी अपराधों, बालको से संबंधित अपराधों, साइबर अपराधों, डिजिटल अरेस्ट,नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा एवं करियर संबंधी विषयों पर जानकारी दी गई.



### गुढ़ पुलिस ने पकड़े दो शातिर चोर

**गुढ़**, गुढ़ थाना पुलिस ने नकबजनी के दो शातिर चोरो को पकड़ा है. जिनके पास से नगदी बरामद की गई है. पूंछताछ के बाद दोनो को न्यायालय में पेश किया गया. गुढ़ थाने में फरियादी प्रभुनाथ दुबे पिता इन्द्रभान प्रसाद दुबे उम्र 41 वर्ष नि.गुढ वार्ड क्र 5 थाना गुढ द्वारा एक पुराना जियो का कीपैड मोबाईल तथा नगदी रुपए चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराए थे. जिस पर चोरी गए मसरुके व अज्ञात चोर की तलाश की जा रही थी. सूत्रों की मदद से 27 अगस्त को आरोपी अरुण कोरी पिता राजेश कोरी उम्र 18 वर्ष नि गुढ़ वार्ड क्र 02 थाना गुढ़ तथा नीलकण्ठ दुबे पिता लोकेश्वर प्रसाद दुबे उम्र 22 वर्ष नि वार्ड क्र 05 महादेवन टोला थाना गुढ़ को पकड़कर पूंछताछ की गई. जिनसे पास से कुल 18000 रुपए बरामद करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय रीवा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है. कार्यवाही में उनि शैल यादव थाना प्रभारी गुढ़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# किसानों को उनकी फसलों के लिए खाद कब मिलेगी? : सुब्रत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अगस्त, रीवा भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष किसान सुब्रत ने कहा कि किसानो को आखिर खाद कब मिलेगी.**

केंद्रीय कृषि मंत्री, मुख्यमंत्री एवं आयुक्त रीवा सभाग, कलेक्टर से मांग किया है कि किसानो को जानकारी दी जाय कि किसानो को खाद उर्वरक मिलेगी या नही? मिलेगी तो कब तक मे? किसान लगातार खाद के लिए भटक रहे है कृषि विभाग को निर्देशित किया जाय कि सभी ब्लाको के माध्यम से किसानो को जानकारी दी जाय खाद कब आयेगी ,उस ब्लाक की किस समिति मे डबल लाक मे विपणन सघ कि गोदाम मे जिससे किसानो का भटकाव कम हो. किसान सुब्रत ने माग कि है कि सेवा सहकारी समितियो से जिनसे खाद का वितरण हो वहा उन समितियो के अन्तर्गत आने वाले गावो के किसान जो समिति के सदस्य है या नही है नगद मे खाद लेना चाहते है उनको भी खाद दी जाय. साथ ही किसानो को खाद जो सदस्य है ऋण मे खाद उपलब्ध करायी जाय. कृषि वैज्ञानिको से सलाह ले खरीफ की फसलो को दी जाने वाली खाद उर्वरक को ही मगाया जाय. एक टोल फ्री फोन नम्बर जारी किया जाय जिसमे किसान जानकारी ले सके खाद कब आयेगी, आई है तो किन समितियो, डबल लको या विपणन सघ की गोदामो मे किन क्षेत्र के किसानो को मिलेगी जिससे किसानो का भटकाव कम हो. खाद न मिलने से फसल खराब हो रही है.

# शांति समिति की बैठक 2 सितंबर को

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अगस्त, आगामी त्यौहार ईद मिलादुन्नबी एवं गणेश विजर्सन को लेकर शांति समिति की बैठक में तैयारी की समीक्षा होगी.**

शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में 2 सितंबर को शाम 5 बजे से आयोजित की गयी है. बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन करेंगे. बैठक में आगामी दिनों में आने वाले त्योहार मिलाद-उल-नवी और अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन को सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा कानून व्यवस्था की स्थिति एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की जायेगी.

# संस्कार युक्त शिक्षा से ही उंचाईयां प्राप्त की जा सकती हैं : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अगस्त, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा से ही उंचाईयाँ प्राप्त की जा सकती हैं. सर्वोच्च पद पर पहुंचकर भी समाज, आमजनों के कल्याण व देश के विकास के लिये प्रयत्नशील रहें.**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के रीवा परिसर में नवागत विद्यार्थियों के प्रबोधन कार्यक्रम अभ्युदय के समापन सत्र में शामिल हुए. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है. यहां के छात्रों ने देश व विदेश में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट स्थान बनाया है. रीवा परिसर के विद्यार्थी भी लगन व मेहनत से शिक्षित होकर अपने संस्थान का नाम रोशन करें. यह संस्थान उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है. आने वाले दिनों में इसकी और प्रतिष्ठा होगी. उन्होंने छात्रों से कहा कि अपने पाठ्यक्रम के साथ ही आदर्श पुस्तकों का अध्ययन करें और देश को विश्वगुरू बनाने में सहभागी बनें. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जो गलत जनमत बनाते हैं उनके षड़यंत्रें को विफल करें क्योंकि लक्ष्य को प्राप्त करने में जागरूकता व शिक्षा आवश्यक है. उन्होंने कहा कि विन्ध्य में प्रतिभाओं की कमी नहीं है वर्तमान में देश की सेना के दो सर्वोच्च पदों पर विन्ध्य के ही लाल विराजमान हैं. कार्यक्रम में कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकारिता के साथ कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को आने वाले समय में आईटी क्षेत्र में ख्यातिलब्ध विद्वान का मार्गदर्शन मिलेगा. कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण मोहन मिश्रा, प्रकाश हिंदुस्तानी, संजय पाण्डेय, आशुतोष तिवारी, जयराम शुक्ला ने भी संबोधित किया. आभार प्रदर्शन केंद्र प्रभारी डॉ सत्येंद्र डेहरिया द्वारा किया गया. इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने परिसर में स्थापित विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय का उद्घाटन किया. उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया. कार्यक्रम में छात्र एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे.



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में सम्बोधित करते उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल

### सहायक शिक्षक निलंबित

**रीवा, 29 अगस्त,** मऊगंज जिले के शासकीय प्राथमिक पाठशाला नौढिया में पदस्थ सहायक शिक्षक अंजनी साकेत को डीईओ ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. शराब के नशे में शिक्षक का एक वीडियो वायरल हुआ था. जिसके बाद पूरे मामले की जांच कराई गई. जांच के दौरान सहायक शिक्षक अंजनी कुमार साकेत नशे में थे, इसकी पुष्टि हुई. जिस पर डीईओ ने सहायक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हनुमना में नियत किया है.

# शराब के अवैध व्यापार पर कठोर कार्यवाही करें : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अगस्त, कमिश्नर कार्यालय में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने आबकारी राजस्व संकलन की समीक्षा की. कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार हर महीने आबकारी राजस्व जमा कराएं.**

जुर्माने की राशि भी कठोरता से वसूल करें. गत वर्षों में ठेकेदारों से वसूली की लंबित 295 करोड़ रुपए की वसूली के लिए आरआरसी जारी कराएं. अधिक दाम में शराब बिक्री की शिकायतों तथा अवैध बिक्री पर कठोर कार्यवाही करें.

सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली में एफएल-2 तथा एफएल-3 लाइसेंसों की संख्या बढ़ाएं. बैठक में उपायुक्त आबकारी आलोक खरे ने बताया कि संभाग में 64 समूहों द्वारा 226 मदिरा दुकानों का संचालन किया जा रहा है. इनसे आबकारी विभाग को अप्रैल से जुलाई माह तक 404 करोड़ 58 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है. यह गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 5.87 प्रतिशत अधिक है.

संभाग में 6 रेस्टोरेंट और 12 होटल बार के लाइसेंस जारी किए गए हैं. शराब बिक्री में अनियमितता के संबंध में उड़नदस्ते द्वारा 1616 प्रकरण दर्ज करके 52 लाख 93 हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है. विभाग द्वारा 31 जुलाई तक 1521 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए हैं. संभाग में सीएम हेल्पलाइन के कुल 251 प्रकरण लंबित हैं. इनके निराकरण की कार्यवाही की जा रही है. बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त रीवा अनिल जैन, उपायुक्त सतना नवीनचन्द्र पाण्डेय, जिला आबकारी अधिकारी सीधी संतोष सिंह तथा जिला आबकारी अधिकारी सिंगरौली सतीश कुमार कश्यप उपस्थित रहे.

# रोजगार मेले में 104 युवाओं को मिला रोजगार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अगस्त, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है.**



मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में शासकीय केदारनाथ स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज में रोजगार मेला आयोजित किया गया. मेले में 153 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 10 कंपनियों ने 104 युवाओं का चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में आमधनी धूत ट्रान्समिशन औरांगाबाद ने 7, आमधनी प्रा. लि. अपोलो टायर्स गुजरात ने 13, प्रभा बायोप्लांटस प्रा. लि. रीवा ने 16, मिग्मा पैकट्रॉन प्रा. लि. इंदौर ने 21, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धारने 5, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा ने 12, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा ने 13, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा ने 14 तथा स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल ने 3 युवाओं का चयन किया. रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय तथा महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# नाले के ऊपर गोमती रखकर किए गए अतिक्रमण को ननि ने हटाया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अगस्त, शहर में अस्थाई अतिक्रमण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है. फिर भी सड़को से अतिक्रमण नही हट रहा है, नाले के ऊपर दुकान लगाकर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया.**

वार्ड 16 अंतर्गत नाले के ऊपर अतिक्रमण कर टायर पंचर की दुकान लगाई गई थी जिसे तत्काल अतिक्रमण दल ने हटाने की कार्वाई की एवं वी-2 माल के बगल से गोमती रखकर किये गये अतिक्रमण को हटाया गया. इसी प्रकार वार्ड 16 में पाल पैलेस के बगल से एसके टावर वाली रोड में नाले के ऊपर गोमती रखकर अतिक्रमण किया गया था जिसे अतिक्रमण दल द्वारा जेसीबी मशीन से हटाये जाने के साथ ही स्थान खाली कराये जाने की कार्यवाही की गई साथ ही चेतावनी दी गई कि दुबारा पाये जाने पर जप्ती के साथ कड़ी कार्यवाही की जावेगी. साथ ही कलामंदिर में सडक पटरी से ठेला गुमटी हटाने की कार्यवाही की गई.

# रीवा संभाग में अब तक 988 मिलीमीटर औसत वर्षा, रीवा में कम वर्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 29 अगस्त, रीवा जिले में पिछले कई दिनो से झमाझम बारिश नही हो रही है, लिहाजा उमस भरी गर्मी बढ़ गई है. रीवा में सबसे कम बारिश हुई है, जबकि सीधी, सिंगरौली और मऊगंज में अच्छी वर्षा हुई है.**

गौरतलब है कि इस बार समय पर मानसून ने दस्तक दे दी. रीवा संभाग में अच्छी वर्षा हुई पर अन्य जिलो के अपेक्षा रीवा में कम वर्षा हुई है. इस बार जुलाई के महीने में ही बाणसागर डैम भर गया था और गेट खोल दिये गये थे. पिछले कई दिनो से संभाग में मानसून सक्रिय नही है जिसके चलते उमस भरी गर्मी बनी हुई है.

हालाकि मौसम विभाग ने दो दिन के अंदर भारी बारिश होना बताया है. रीवा संभाग में एक जून से अब तक 988 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. संभाग में इस अवधि में रीवा जिले में 724 मिलीमीटर, सतना में 858.8 मिलीमीटर, मैहर में 848.2 मिलीमीटर, मऊगंज में 1361.3 मिलीमीटर, सीधी में 1100 मिलीमीटर तथा सिंगरौली जिले में 1037 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. गत वर्ष इसी अवधि में संभाग में 784.85 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. संभाग में सिंचाई के प्रमुख स्त्रोत बाणसागर बांध में 29 अगस्त को सुबह 8 बजे तक जल स्तर 341.59 मीटर तक पहुंच गया है. गत वर्ष 29 अगस्त तक इसका जल स्तर 341.15 मीटर पर था. बांध में 98.60 प्रतिशत जल भराव हो गया है. बांध का अधिकतम जल भराव स्तर 341.64 मीटर है. शहडोल और अनूपपुर जिलों में पिछले 48 घंटों में अच्छी वर्षा के कारण 28 अगस्त को बांध के 6 गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी की गई. पानी की आवक घटने के साथ गेट क्रमशः बंद किए जा रहे हैं. अधिकारी बांध के जल स्तर पर लगातार निगाह रख रहे हैं. बाणसागर डैम इस बार समय पर पूरा भर गया है.

### मऊगंज में शांति समिति की बैठक 2 सितंबर को

**रीवा, 29 अगस्त,** आगामी त्यौहार ईद मिलादुन्नबी एवं गणेश विसर्जन को लेकर की जा रही तैयारी के लिये समीक्षा बैठक 2 सितम्बर को शाम 5 बजे मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है. कलेक्टर की अध्यक्षता में तैयारी बैठक होगी. जिसमें दोनो त्यौहारो को लेकर कानून व्यवस्था की स्थित एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की जायेगी.